आदि के माध्यम से नहीं दिखाया जाता है ।

(ख) उपर्युक्त भाग (क) के उत्तर को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता ।

Upgradation of EDBPO to Sub-Post Office in Arunachal Pradesh

2527. SHRI NYODEK YONGGAM: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whetner Government have received representation from Dy. Speaker of Arunachal Pradesh Legislative Assembly requesting the upgradation of EDBPO to sub-post office and telegraph office at Bordumsa Diyum Charglarg district of Arunachal Pradesh; and

(b) if so, whether any action have been taken by Government on this representation?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a) *Post and Telegraph Offices*: Yes, Sir, a erpresentation requesting the upgradation of EDBPO to sub post and telegraph office at Bordumsa-Diyum Charag district of Arunachal Pradesh has been received.

(b) *Post Office*: The post office will be upgraded to subpost office subject to fulfilment of departmental norms, availability of resources and within Plan Target.

Telegraph Office: The telegraph facility on phonocom basis will be given subject to feasibility of providing a Long Distance Public Telephone.

जशपुर नगर, मध्य प्रदेश में टेलीफोन और तार संपर्क ठप्प हो जाना

2528. **श्री दिलीप सिंह जूदेव :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1992 में और जून 1993 तक मध्य प्रदेश के रायगढ़ जिले के जशपुर नगर में स्थित तारघर के द्वारा कितने टेलीग्राफ लाइनों द्वारा सीधे प्राप्त किए गए एवं कितने टेलीग्राफ डाक के माध्यम से प्राप्त करके वितरित किए गए ;

(ख) उपर्युक्त अवधि के दौरान जशपुर नगर और जिला मुख्यालय राजगढ़ के बीच टेलीफोन और टेलीग्राम संपर्क कितने दिनों तक ठप्प रहा ; और

(ग) इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है और क्या कार्यवाही किए जाने का विचार है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) रायगढ़ (मध्य प्रदेश) जिले के जशपुर नगर स्थित तारघर में वर्ष 1992 की अवधि के दौरान और जून, 1993 तक सीधे (ऑन लाइन) 3178 और 1548 तार प्राप्त हुए थे । उपर्युक्त तारघर में संदर्भगत अवधि के दौरान कोई तार डाक से नहीं प्राप्त हुआ था ।

(ख) 13 मई, 92 से 30 जून, 93 की अवधि के दौरान 6 बार में 322 घंटे तक एस०टी०डी० जंक्शन टेलीफोन लाइनों में व्यवधान रहा। 30-7-92 से 4-8-92 की अवधि के बीच 98 घंटे की लंबी अवधि तक व्यवधान रहा । फरवरी, 1993 के दौरान, तार लाइन पर एस० टी० डी० सुविधा बन्द रही ।

(ग) 1995-96 की अवधि के दौरान ओपेन वायर लाइनों के स्थान पर अधिक स्थाई माध्यम अर्थात् आप्टिकल फाइबर केबिल द्वारा बदले जाने की योजना है ।

जशपुर नगर, मध्य प्रदेश में आई०एल० टी० 512 प्रणाली स्थापित किए जाने की अनुमति

2529. **श्री दिलीप सिंह जूदेव :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश के जशपुर नगर (रायगढ़) में दूरभाष व्यवस्था को सुचारू